Amar Ujala 28-01-2026

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया डीएलएड परीक्षा का परिणाम

## प्रथम वर्ष के 84.11, द्वितीय वर्ष के 95.30% छात्र उत्तीर्ण, अक्तूबर-नवंबर में हुई थीं परीक्षाएं

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) के प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। यह परिणाम अक्तूबर और नवंबर 2025 में आयोजित की गई री-अपीयर और पूर्ण विषयों की परीक्षाओं का है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि छात्र अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कुल 1,641 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 1,561 छात्र सफल रहे हैं। इस श्रेणी में केवल 38 छात्रों की री-अपीयर आई है और 42 छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार द्वितीय वर्ष का कुल पास प्रतिशत 95.30 फीसदी दर्ज किया गया है।

डीएलएड प्रथम वर्ष में कुल 2,154 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 1,805 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, जबकि 282 छात्रों को री-अपीयर आई है। प्रथम वर्ष में 67 छात्र फेल हुए हैं और इस सत्र का कुल पास प्रतिशत 84.11 रहा है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि परिणाम से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो छात्र अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, वे पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए 29 जनवरी से 12 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



### 12 फरवरी तक पुनर्मूल्यांकन के लिए कर सकते हैं आवेदन

उन्होंने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1,000 रुपये और पुनर्निरीक्षण के लिए 800 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इस दौरान वही छात्र पुनर्मूल्यांकन के लिए पात्र होंगे, जिनके संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक हों। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे और कोई भी ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होगा।

## ऑनलाइन स्नातकोत्तर के लिए सीयू ने मांगे आवेदन

### एमबीए-एमसीए सहित आर्ट्स के 3 विषयों के लिए 5 मार्च तक आवेदन


**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) से ऑनलाइन पढ़ाई करने के लिए अभ्यर्थी 5 मार्च तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान एमबीए की 500 और एमसीए के लिए 200 सीटें भरने के साथ अर्थशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान और इतिहास विषय के लिए असीमित सीटें होंगी। इस दौरान 80 क्रेडिट के साथ दो वर्ष के लिए पढ़ाई करवाई जाएगी, जिसमें चार सेमेस्टर होंगे। सेंटर के डायरेक्टर प्रो. विशाल सूद की ओर से जारी की गई नोटिफिकेशन के अनुसार ऑनलाइन कोर्स चार सेमेस्टर के होंगे, जिसके लिए दो-दो वर्ष का समय लगेगा। अभ्यर्थी 3 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दो से तीन दिन के भीतर अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का स्थापन किया जाएगा। अभ्यर्थी 12 मार्च तक फीस जमा करवा सकेंगे। इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री और राजनीति साइंस में सीटें पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर मिलेंगी, जबकि एमबीए और एमसीए के लिए सीटें मेरिट आधार पर आवंटित की जाएंगी। ब्यूरो

WED,28 JANUARY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# 95.3 प्रतिशत रहा डिप्लोमा इन एलीमैंटरी एजुकेशन प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम

## पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए 12 फरवरी तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

धर्मशाला, 27 जनवरी (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने डिप्लोमा इन एलीमैंटरी एजुकेशन प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षाएं अक्तूबर-नवम्बर 2025 में आयोजित की गई थीं, जिनमें री-अपीयर और पूर्ण विषयों के परीक्षार्थी शामिल थे।



बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार रहा है। इस परीक्षा में कुल 1641 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 1561 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि 38 छात्रों को री-अपीयर तथा 42 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। इस प्रकार द्वितीय वर्ष का कुल पास प्रतिशत 95.3 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि डी.एल.एड. प्रथम वर्ष की परीक्षा में कुल 2154 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 1805 छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। प्रथम वर्ष में 282 छात्रों को री-अपीयर आई है, जबकि 67 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। इस सत्र का कुल पास प्रतिशत 84.11 प्रतिशत रहा है।

डा. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षा परिणाम से संबंधित विस्तृत जानकारी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। परिणाम से असंतुष्ट परीक्षार्थियों को बोर्ड द्वारा पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए छात्र 29 जनवरी से 12 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपए तथा पुनर्निरीक्षण के लिए 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

**बअदालत नायब तहसीलदार भूव्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता दितीय श्रेणी हमीरपुर प्रथम स्थित अणु तहसील व जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )**

**मिसल नम्बर**- 2/2025 **किस्म मुकद्दमा**- नाम दरुस्ती
**तारीख पेशी**- 20.02.2026

**श्रीमती सीमा देवी पुत्री जट निवासी महाल पन्याला स्थित महाल लम्बेहड़ा तहसील व जिला हमीरपुर हि.प्र.**

**बनाम**

**आम जनता**

**विषय: ईश्तहार/मुश्त्री मुनादी शीर्षक सीमा देवी पुत्री जट बनाम आम जनता।**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा देवी पुत्री जट निवासी महाल पन्याला ने अराजी

# स्कूल शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया डीएलएड परीक्षा का परिणाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) के प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। यह परिणाम अक्तूबर और नवंबर 2025 में आयोजित की गई री-अपीयर और पूर्ण विषयों की परीक्षाओं का है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि छात्र अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कुल 1641 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 1561 छात्र सफल रहे हैं। इस श्रेणी में केवल 38 छात्रों की री-अपीयर आई है और 42 छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार द्वितीय वर्ष का कुल पास प्रतिशत 95.3 फीसदी दर्ज किया गया है। वहीं, डीएलएड प्रथम वर्ष के परिणामों पर नजर डालें तो इसमें कुल 2154 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 1805 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, जबकि 282 छात्रों को री-अपीयर आई है। प्रथम वर्ष में 67 छात्र फेल हुए हैं और इस सत्र का कुल पास प्रतिशत 84.11 रहा है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि परिणाम से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। जो छात्र अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया है। इसके लिए छात्र 29 जनवरी से 12 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपए और पुनर्निरीक्षण के लिए 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। केवल वही छात्र पुनर्मूल्यांकन के लिए पात्र होंगे जिनके संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक हों। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे और कोई भी ऑफ लाइन आवेदन मान्य नहीं होगा। बोर्ड मुख्यालय के हेल्पलाइन नंबर 01892-242142 पर संपर्क कर सकते हैं।

Divya Himachal 28-01-2026

# डीएलएड परीक्षा का परिणाम घोषित, 95.3 फीसदी रहा

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- धर्मशाला

■ पुनर्मूल्यांकन के लिए 12 फरवरी तक करें आवेदन

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन डीएलएड के प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने मंगलवार को धर्मशाला में इस संबंध में घोषणा कर दी है। डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कुल एक हजार 641 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 1561 छात्र सफल रहे हैं। इस श्रेणी में केवल 38 छात्रों की री-अपीयर आई है, और 42 छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार द्वितीय वर्ष का कुल पास प्रतिशत 95.3 फीसदी दर्ज किया गया है। वहीं, डीएलएड प्रथम वर्ष के परिणामों पर नजर डालें तो इसमें कुल दो हजार 154 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 1805 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, जबकि 282 छात्रों को री-अपीयर आई है। प्रथम वर्ष में 67 छात्र फेल हुए हैं, और इस सत्र का कुल पास प्रतिशत 84.11 रहा है।

**फीस तय** पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए छात्र 29 से 12 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय एक हजार रुपए और पुनर्निरीक्षण के लिए 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

Himachal Dastak 28-01-2026

# डीएलएड परीक्षा में द्वितीय वर्ष के 95.3 फीसदी छात्र उत्तीर्ण

हिमाचल दस्तक ब्यूरो | धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन के प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। यह परिणाम अक्तूबर और नवंबर 2025 में आयोजित की गई री-अपीयर और पूर्ण विषयों की परीक्षाओं का है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने मंगलवार को बताया कि छात्र अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कुल 1641 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 1561 छात्र सफल रहे हैं। इस श्रेणी में केवल 38 छात्रों की री-अपीयर आई है और 42 छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार द्वितीय वर्ष का कुल पास प्रतिशत 95.3 फीसदी दर्ज किया गया है। वहीं, डीएलएड प्रथम वर्ष के परिणामों पर नजर डालें तो इसमें कुल 2154 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 1805 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, जबकि 282 छात्रों को री-अपीयर आई है। प्रथम वर्ष में 67 छात्र फेल हुए हैं और इस सत्र का कुल पास प्रतिशत 84.11 रहा है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि परिणाम से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। जो छात्र अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया है। इसके लिए छात्र 29 जनवरी से 12 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपये और पुनर्निरीक्षण के लिए 800 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। केवल वही छात्र पुनर्मूल्यांकन के लिए पात्र होंगे जिनके संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक हों। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे और कोई भी ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होगा।

Dainik Jagran
28-01-2026

# 2,384 केंद्रों में होंगी 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं

## कांगड़ा जिला में बनाए गए हैं सबसे ज्यादा 511 केंद्र


**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की मार्च में होने वाली परीक्षाओं में निगरानी सख्त होगी। इस बार 2,384 केंद्रों में दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं आयोजित होंगी। इनमें सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज छह माह तक सुरक्षित रहेगी। छह माह के बाद ही फुटेज को हटाया जा सकेगा। ऐसा इसलिए, ताकि किसी परीक्षार्थी की ओर से परीक्षा केंद्र की कोई शिकायत की जाती है तो सीसीटीवी फुटेज से जांचा जा सके।

जिला कांगड़ा में 511, चंबा में 228, बिलासपुर में 133, ऊना में 166, सोलन में 174, सिरमौर में 164, शिमला में 265, मंडी में 395, लाहुल स्पीति में 16, कुल्लू में 136, किन्नौर में 32 व हमीरपुर में 164 परीक्षा केंद्रों में दसवीं व 12वीं की परीक्षाएं होंगी। अगर किसी परीक्षा केंद्र में नकल होती है तो आने वाले समय में उस परीक्षा केंद्र को बोर्ड की ओर से रद किया जा सकता है।

शिक्षा बोर्ड दसवीं व दस जमा दो की वार्षिक परीक्षाएं तीन मार्च से शुरू कर रहा है। वर्ष 2025-26 की वार्षिक परीक्षाओं के लिए शिक्षा बोर्ड ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

**16** परीक्षा केंद्र सबसे कम हैं लाहुल स्पीति जिला में

**6** महीने तक सुरक्षित रखनी होंगी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज



" मार्च में आयोजित होने वाले परीक्षा केंद्रों का गठन किया है। इस बार दसवीं व दस जमा दो की परीक्षाएं 2,384 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होंगी। परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने के लिए विशेष एहतियात बरती जाएगी। निगरानी बढ़ाई जाएगी।

**-डा. मेजर विशाल शर्मा,** सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला।

परीक्षा केंद्र संचालकों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्र में बोर्ड की संतुष्टि के मुताबिक कार्य नहीं हुआ तो परीक्षा केंद्र को रद किया जा सकता है। परीक्षाएं शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और सुचारू रूप से आयोजित होंगी। अगर कोई छात्र नकल करता या सामूहिक रूप से नकल होती है या फिर परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों की ओर से परीक्षार्थियों को नकल करवाने में सहायता की जाती है तो परीक्षा केंद्र संचालकों पर कार्रवाई होगी।

### 18 को सांख्यिकी सहायक व 25 से 27 तक जेबीटी भर्ती परीक्षा

**जागरण संवाद केंद्र, हमीरपुर :** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने सांख्यिकी सहायक पोस्ट कोड-25013 व जेबीटी पोस्ट कोड-25004 के पदों को भरने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथियां घोषित कर दी हैं।

आयोग के सचिव डा. विक्रम महाजन ने बताया कि सांख्यिकी सहायक की सप्ताह पहले आयोग की वेबसाइट पर एक लिंक का प्रविधान किया जाएगा, जिससे अभ्यर्थी अपना रोल नंबर एवं



एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। रोल नंबर व परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी। सचिव ने सभी अभ्यर्थियों से नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट पर या अपने

### डीएलएड के प्रथम और द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) के प्रथम व द्वितीय वर्ष की अक्टूबर व नवंबर, 2025 में संचालित की गई री-अपीयर व पूर्ण विषयों की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कुल 1641 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 1561 सफल रहे। इस श्रेणी में केवल 38 छात्रों की री-अपीयर आई है और 42 अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार द्वितीय वर्ष का कुल पास प्रतिशत 95.3 प्रतिशत दर्ज किया गया है। प्रथम वर्ष में कुल 2154 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 1805 उत्तीर्ण, जबकि 282 को री-अपीयर व 67 अनुत्तीर्ण हुए। इस सत्र का कुल पास प्रतिशत 84.11 रहा। जो छात्र परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया है। इसके लिए 29 जनवरी से 12 फरवरी 2026 तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपये और पुनर्निरीक्षण के लिए 800 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। केवल वही छात्र पुनर्मूल्यांकन के लिए पात्र होंगे जिनके संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक हों। आवेदन केवल आनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। परीक्षार्थी किसी भी प्रकार की सहायता या शंका समाधान के लिए कार्य दिवस के दौरान सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बोर्ड मुख्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# 2,384 केंद्रों में होंगी 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं

## कांगड़ा जिला में बनाए गए हैं सबसे ज्यादा 511 केंद्र

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की मार्च में होने वाली परीक्षाओं में निगरानी सख्त होगी। इस बार 2,384 केंद्रों में दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं आयोजित होंगी। इनमें सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज छह माह तक सुरक्षित रहेंगी। छह माह के बाद ही फुटेज को हटाया जा सकेगा। ऐसा इसलिए ताकि किसी परीक्षार्थी की ओर से परीक्षा केंद्र की कोई शिकायत की जाती है तो सीसीटीवी फुटेज से जांचा जा सके।

जिला कांगड़ा में 511, चंबा में 228, बिलासपुर में 133, ऊना में 166, सोलन में 174, सिरमौर में 164, शिमला में 265, मंडी में 395, लाहुल स्पीति में 16, कुल्लू में 136, किन्नौर में 32 व हमीरपुर में 164 परीक्षा केंद्रों में दसवीं व 12वीं की परीक्षाएं होंगी। अगर किसी परीक्षा केंद्र में नकल होती है तो आने वाले समय में उस परीक्षा केंद्र को बोर्ड की ओर से रद किया जा सकता है।

शिक्षा बोर्ड दसवीं व दस जमा दो की वार्षिक परीक्षाएं तीन मार्च से शुरू कर रहा है। वर्ष 2025-26 की वार्षिक परीक्षाओं के लिए शिक्षा बोर्ड ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

**16** परीक्षा केंद्र सबसे कम हैं लाहुल स्पीति जिला में

**6** महीने तक सुरक्षित रखनी होंगी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज



मार्च में आयोजित होने वाले परीक्षा केंद्रों का गठन किया है। इस बार दसवीं व दस जमा दो की परीक्षाएं 2,384 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होंगी। परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने के लिए विशेष एहतियात बरती जाएंगी। निगरानी बढ़ाई जाएगी।

**-डा. मेजर विशाल शर्मा**, सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला।

परीक्षा केंद्र संचालकों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्र में बोर्ड की संतुष्टि के मुताबिक कार्य नहीं हुआ तो परीक्षा केंद्र को रद किया जा सकता है। परीक्षाएं शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और सुचारू रूप से आयोजित होंगी। अगर कोई छात्र नकल करता या सामूहिक रूप से नकल होती है या फिर परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों की ओर से परीक्षार्थियों को नकल करवाने में सहायता की जाती है तो परीक्षा केंद्र संचालकों पर कार्रवाई होगी।

## डीएलएड के प्रथम और द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) के प्रथम व द्वितीय वर्ष की अक्टूबर व नवंबर, 2025 में संचालित की गई री-अपीयर व पूर्ण विषयों की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कुल 1641 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 1561 सफल रहे। इस श्रेणी में केवल 38 छात्रों की री-अपीयर आई है और 42 अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार द्वितीय वर्ष का कुल पास प्रतिशत 95.3 प्रतिशत दर्ज किया गया है। प्रथम वर्ष में कुल 2154 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 1805 उत्तीर्ण, जबकि 282 को री-अपीयर व 67 अनुत्तीर्ण हुए। इस सत्र का कुल पास प्रतिशत 84.11 रहा। जो छात्र परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया है। इसके लिए 29 जनवरी से 12 फरवरी 2026 तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपये और